NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

नार्थ सेन्ट्रल रेलवे इम्पलाईज संघ

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No :308/NCRES/19 Date : 10.12.2019

श्रीमान मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, इलाहाबाद

विषयः— निर्माण विभाग द्वारा इलाहाबाद मण्डल के चुनार में निर्मित आवासों में पानी आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित कर ओपेन लाइन को हैण्ड ओवर किया जाना।

महोदय,

अवगत कराना है कि डी.एफ.सी. के कार्य हेतु रेलवे आवास गिराये (Demolish) जाने है जिसके कारण निर्माण विभाग द्वारा मिर्जापुर—चुनार सेक्शन के पहाड़ा में लगभग 10 आवास, डगमगपुर में 42 आवास और चुनार में 26 आवासों का निर्माण कराया गया। पहाड़ा और डगमगपुर के आवास ओपेन लाइन को लगभग 1—2 वर्ष पहले हैण्ड ओवर किये गये और कर्मचारियों को आवंटित भी किये जा चुके है लेकिन चुनार के आवास ओपेन लाइन को हैण्ड ओवर नही किये जिससे कर्मचारियों को परेशानी हो रही है।

यह भी ज्ञात हुआ है कि निर्माण विभाग द्वारा चुनार में निर्मित आवासों में विद्युत एवं पाइप लाइन के फिटिंग का कार्य 2 वर्ष पहले हो चुका है लेकिन बोरिंग का कार्य सफल न हो पाने के कारण पानी के आपूर्ति के अभाव में ओपेन लाइन को हैण्ड ओवर नही हो पाया, इसी कारण कर्मचारी पुराने जर्जर आवास में रह रहे है जहां किसी भी समय कोई घटना घट सकती है।

उपरोक्त स्थिति में NCRES का सुझाव है कि चुनार में नई बोरिंग की व्यवस्था होने तक लगभग 300 मीटर की दूरी पर स्थित ओपेन लाइन के बोरिंग से नये निर्मित आवासों में पानी सप्लाई की व्यवस्था सुनिश्चित कर ओपेन लाइन को हैण्ड ओवर किया जाय ताकि जर्जर आवासों में रह रहे कर्मचारियों को राहत मिल सके।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री